RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 21 सितंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 148 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महिला आरक्षण बिल पर ये बोले सीएम शिंदे

**महाराष्ट्र :** महिला आरक्षण बिल पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे का बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा है, ''पीएम नरेंद्र मोदी जो भी फैसला लेंगे, वह देश के हित में होगा. हम उनके फैसले का स्वागत करते हैं.'' इस बयान के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं भी दीं. महाराष्ट्र में 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव मंगलवार को शुरू हो गया है, जिसमें समृद्धि और बुद्धि के देवता भगवान गणेश की मूर्तियां पूरे राज्य में घरों और पंडालों में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ स्थापित की गई है.महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स (ट्वीटर) पर पोस्ट किया, ''मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से राज्य के लोगों को गणेशोत्सव की शुभकामनाएं!'' शिंदे ने अपने निजी हैंडल पर पोस्ट किया, ''सभी को गणेशोत्सव की शुभकामनाएं....''



मुंबई और महाराष्ट्र के कई इलाकों में गणेश चतुर्थी के मौके पर युवाओं में गजब का जोश देखने को मिल रहा है।

जगह-जगह पंडाल लगाए गए हैं और मंदिरों में भीड़ नजर आ रही है. भक्तों की भीड़ फूल, पूजा सामग्री, मिठाई और सजावटी सामान खरीदने के लिए सड़क किनारे लगी दुकानों पर भी नजर आ रही है.शिंदे ने मुंबई में अपने आधिकारिक आवास वर्षा में भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना के बाद संवाददाताओं से कहा, पहले इसे होने दें. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार किसानों की मदद के लिए अपने रास्ते से हट जाती है और कभी-कभी नियमों में बदलाव करती है. किसी भी प्राकृतिक आपदा में सरकारी नियमों में निर्धारित से अधिक सहायता दी गई है. पहले, दो हेक्टेयर से कम भूमि वाले किसानों को सहायता दी जाती थी. हमने सीमा बढ़ाकर तीन हेक्टेयर कर दी।

# नवनीत राणा बोलीं- 'महाराष्ट्र में कोई महिला सीएम और डिप्टी सीएम क्यों नहीं बन पाई'

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक यानी महिला आरक्षण विधेयक को अपना समर्थन जताया है. इस विधेयक के लिए उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी का आभार जताया. राणा ने कहा कि महिलाओं को केवल वोट के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है लेकिन इस बार महिलाओं को अधिकार दिया गया है. नवनीत राणा ने कहा, ''अब तक जितनी भी महिला प्रतिनिधि रही हैं सबको नमन, जो अभी सदन में हैं उन सभी का अभिनंदन करूंगी. आरक्षण होना चाहिए. हम सभी महिलाओं की इच्छा है. हमसे ज्यादा पुरुषों की भी इच्छा है कि महिलाओं को आरक्षण मिले. उसका सबसे बड़ा उदाहरण पीएम मोदी ने पेश किया है जैसा कि उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान रूप से ट्रीट किया जाए और ऐसा केवल भाषणों में न हो. उन्हें अधिकार भी दिया जाना चाहिए. मैं पीएम मोदी का आभार जताउंगी.''



## राणा ने सोनिया गांधी से पूछा यह सवाल

**नवनीत राणा ने हालांकि कहा कि संसद में कई महिलाएं अपने अधिकार के लिए लड़कर यहां पहुंची हैं जैसे सुषमा स्वराज, जयललिता, ममता बनर्जी और मायावती. महिलाएं बहुत सारे पुरुषों से मुकाबला कर यहां पहुंचती हैं. वह बहुत चुनौतियों का सामना करके यहां पहुंचती हैं. इस दौरान कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर हमला करते हुए कहा, ''आपने इस बिल का समर्थन किया है लेकिन मैं यह सवाल पूछना चाहती हूं कि 27 से अगर आपकी इच्छा थी तो आपने यह पूरा क्यों नहीं किया. पीएम मोदी 9 वर्ष में यह महिला बिल लेकर आए. देश के महिलाओं को भरोसा है कि यह बिल पास हो जाएगा.'' राणा ने कहा कि ऐसा नहीं है कि केवल महिलाएं आरक्षण से ही सदन में पहुंचेंगी.**

## महिलाओं का केवल राजनीतिक मंच पर हुआ इस्तेमाल- राणा

**सांसद नवनीत राणा ने कहा, ''इस संसद का दुर्भाग्य रहा है कि आज तक महिलाओं का इस्तेमाल राजनीतिक मंचों पर हुआ लेकिन अधिकार नहीं दिया गया.'' वहीं, महाराष्ट्र से ताल्लुक रखने वाली नवनीत राणा ने अपने राज्य में कभी किसी महिला के सीएम न बनने को लेकर भी सवाल किया और कहा कि राजनीतिक पार्टियों को यह जवाब देना पड़ेगा कि महाराष्ट्र में कभी कोई महिला सीएम और डिप्टी सीएम क्यों नहीं बन पाई हैं.**

# गणेशोत्सव के दूसरे दिन मुंबई में करीब 7,000 प्रतिमाओं का विसर्जन



**मुंबई :** मुंबई में 10 दिवसीय गणेशोत्सव के दूसरे दिन बुधवार की शाम तक करीब 7,000 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कई भक्तों ने डेढ़ दिनों तक घरों और पंडालों में बप्पा की पूजा करने के बाद उन्हें विदाई दी। लोगों ने मूर्ति के विसर्जन के लिए यात्रा निकाली और कई भक्त नृत्य करते हुए विसर्जन स्थलों तक गए। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि शहर में शाम छह बजे तक कुल 6,960 प्रतिमाएं विसर्जित की गईं, जिनमें 6,930 घरेलू और 30 'सार्वजनिक' (सामुदायिक) मंडलों की मूर्तियां शामिल हैं। इनमें से 2,833 प्रतिमाओं का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में किया गया। इनमें से 2,819 मूर्तियाँ लोगों द्वारा अपने घरों में स्थापित की गईं थी जबकि 14 मंडलों की थीं। नगर निकाय अधिकारी ने कहा, 'विसर्जन के दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।''

# सितंबर में 15 किसानों की आत्महत्या के कारणों को खोजा जा रहा है

## विपक्ष के हमले के बीच यवतमाल प्रशासन का आया बयान...

नागपुर: महाराष्ट्र में गणेश उत्सव की धूम के बीच किसानों की आत्महत्या का मामला सुर्खियों में आ गया है। विदर्भ जन आंदोलन समिति के अध्यक्ष और शिवसेना (यूबीटी) नेता किशोर तिवारी ने कहा है कि राज्य में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। तिवारी ने कहा है कि पिछले तीन दिनों से भी कम समय में यवतमाल (6) और वर्धा (1) से आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। तो वहीं किसानों की आत्महत्या के मामले पर यवतमाल जिला प्रशासन ने भी किसानों की आत्महत्या की पुष्टि की है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि सितंबर महीने में 15 किसानों ने अपनी जान दे दी। उनके आत्महत्या के कारणों के बारे में जांच की जा रही है।



**तीन दिन में सात मौतें**

यवतमाल जिला पूर्वी महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित है। यवतमाल जिला कलेक्टरेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सितंबर में यवतमाल में पंद्रह किसानों ने आत्महत्या की है। पुलिस और राजस्व विभाग यह जानने के लिए जांच कर रहे हैं कि क्या उन्होंने कृषि संकट के कारण यह कदम उठाया या फिर पारिवारिक विवाद जैसे कारण के चलते जान दी। तो वहीं दूसरी ओर किसान कल्याण के लिए महाराष्ट्र सरकार के वसंतराव नाइक शेतकारी स्वावलंबी मिशन के पूर्व अध्यक्ष और कार्यकर्ता किशोर तिवारी ने एक बयान में कहा कि 17 से 19 सितंबर के बीच यवतमाल और वर्धा में सात किसानों ने आत्महत्या कर ली।

**गरीब तबके के हैं मृतक**

शिवसेना (यूबीटी) से जुड़े किशोर तिवारी का दावा है कि पिछले तीन दिनों से भी कम समय में यवतमाल (6) और वर्धा (1) से आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। तिवारी ने अनुसार हिवारी के प्रवीण काले, खिड़की के ट्रैबेंक केरम, शिवनी के मारोती चव्हाण, अर्जुन के गजानंद शिंदे, बनेगांव के तेवीचंद राठोस, जामवाड़ी के नितिन पाणे (सभी यवतमाल में), और वर्धा के रणतापुर के दिनेश मडावी ने अपनी जान दी है। तिवारी का कहना है कि इनमें से छह आत्महत्याएं पिछले 48 घंटों में और एक आत्महत्या एक दिन पहले रविवार को हुई थी। उनमें से ज्यादातर समाज के वंचित वर्गों से हैं और उन्होंने भारी कर्ज के बोझ, फसल चौपट और बहुत कम या बहुत कम कर्ज के बोझ के कारण आत्महत्या की है।

## सरकार सत्र में करे चर्चा...

**वीजेएएस और शिवसेना (यूबीटी) नेता किशोर तिवारी का कहना है कि केंद्र की बीजेपी सरकार किसानों को लेकर बड़े दावे करती है लेकिन इस क्षेत्र के जानकार लोगों के अनुसार राज्य में जनवरी 2023 में कृषि के चलते आत्महत्या करने वालों की संख्या बढ़कर 1,586 हो गई है। तिवारी ने मांग उठाई है कि अगर केंद्र सरकार वास्तव में मानसून की बेरुखी के कारण देश के बड़े हिस्से में व्याप्त कृषि संकट को लेकर गंभीर है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद के चल रहे विशेष सत्र में विदर्भ के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। पिछले दिनों एक रिपोर्ट में कहा गया था कि महाराष्ट्र के 10 जिलों में सूखे की स्थिति है।**




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## देर आए, दुरुस्त आए...

संसद का विशेष सत्र इस मायने में ऐतिहासिक हो या कि केंद्र सरकार ने इसमें महिला आरक्षण विधेयक लाने का फैसला किया है। सोमवार को सत्र शुरू होने पर कांग्रेस ने यह मांग उठाई कि सरकार इसी सत्र में महिला आरक्षण विधेयक लाकर संसद और विधानसभाओं में उनके लिए एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था लागू कराए। एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठा। न सिर्फ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों ने बल्कि ठऊअ से जुड़े इखऊ और ठउढ (अजित पवार गुट) जैसी पार्टियों ने भी इस मांग पर जोर दिया। मतलब यह कि अगर कोई अजूबा न हुआ तो यह महत्वपूर्ण वधियक इस सत्र में आसानी से पारित होकर कानून का रूप ले लेगा ध्यान रहे, यह बिल पास कराने की पहली कोशिश 1996 में हुई थी। हालांकि इन तीन दशकों में न केवल समाज में महिलाओं की स्थिति बदली बल्कि खुद राजनीति में भी व्यापक बदलाव आया है। यह बिल पास कराने की पहली कोशिश 1966 में हुई थी। उस समय इस विधेयक को जिस तरह का विरोध झेलना पड़ा था, वह अचंभित करने वाला था। सत्तारूढ़ दल और मुख्य विपक्षी दल इसके समर्थन में थे, इस लिहाज से विधेयक पारित होने में कोई बड़ी बाधा नहीं थी। लेकिन जो छोटे दल इसके विरोध में थे, उससे जुड़े सदस्यों ने जबर्दस्त हंगामा किया, यहां तक कि बिल की प्रतियां छीन कर फाड़ दी गईं। उस स्थिति में विधेयक संसद में पेश ही नहीं किया जा सका।

माना जा रहा था कि भले ही प्रमुख दलों के नेतृत्व ने औपचारिक तौर पर विधेयक के पक्ष में स्टैंड लिया था, लेकिन प्राय: सभी दलों के पुरुष सांसद अंदर ही अंदर इसके खिलाफ थे और विरोध कर रहे सांसदों को, परदे के पीछे से, इन सबका समर्थन हासिल था। यही मुख्य वजह रही कि करीब 27 साल से सभी प्रमुख दलों की सहमति के बावजूद यह विधेयक कानून नहीं बन सका। मगर पिछले करीब तीन दशकों के दौरान न केवल समाज में महिलाओं की स्थिति बदली बल्कि खुद राजनीति में भी व्यापक बदलाव आया है। जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ी हैं, उन्होंने खुद को सशक्त बनाया है। यहां तक कि चुनाव में भागीदारी के मामले में भी उन्होंने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। इस लिहाज से 209 लोकसभा जात को खास माना जा सकता है। इन चुनावों में पहली बार महिला चोट की संख्या पुरुष वोटरों से ज्यादा हो गई। जाहिर है, राजनीति ज्यादा समय तक इन बदलावों की अनदेखी नहीं कर सकती। लेकिन यह बात भी ध्यान में रखने वाली है कि महिला सशक्तीकरण का सीधा संबंध विकास की रफ्तार से होता है।

व्हाट्सएप पर दैनिक रोकठोक लेखनी समाचार पत्र चैनल को फॉलो करें
+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

## क्या अजित पवार का अपमान करना सही है?

# पडलकर के 'उस' बयान पर भड़कीं सुप्रिया सुले, बीजेपी पर साधा निशाना...



**महाराष्ट्र :** उपमुख्यमंत्री अजित पवार को लेकर बीजेपी विधायक गोपीचंद पडलकर के बयान ने एक नए वादे को जन्म दे दिया है. गोपीचंद पडलकर ने टिप्पणी की कि अजित पवार झूठ बोलने वाले भेड़िये का झूठा पिल्ला हैं। इस बयान के बाद अजित पवार का गुट गोपीचंद पडलकर के खिलाफ आक्रामक हो गया है. वहीं इस मुद्दे पर सांसद सुप्रिया सुले ने बीजेपी पर निशाना साधा है.

**क्या पवार का अपमान करना सही है?**

विधायक पडलकर द्वारा अजित पवार को लेकर दिए गए विवादित बयान पर अजित गुट द्वारा पडलकर पर जमकर हमला बोला जा रहा है. उधर, एनसीपी के दूसरे गुट की नेता और अजित पवार की बहन सांसद सुप्रिया सुले ने भी इस पर संज्ञान लिया है. लेकिन बीजेपी पर जमकर हमला बोला गया. सुप्रिया सुले ने कहा कि अजित पवार बीजेपी के साथ सत्ता में हैं. यह बहुत बुरा है कि अजित पवार के सहयोगी सत्ता में होने पर उनके बारे में इस तरह के बयान देते हैं।

**गोपीचंद पडलकर ने क्या कहा?**

धनगर समाज के प्रति अजित पवार की भावना शुद्ध नहीं है. इसलिए धनगर आरक्षण को लेकर अजित पवार को पत्र भेजने की जरूरत नहीं है. अजित पवार झूठ बोलने वाले भेड़िये का झूठ बोलने वाला बच्चा है। हम अजित पवार पर विश्वास नहीं करते और कभी कोई पत्र नहीं दिया. आगे देने की जरूरत नहीं है. विधायक गोपीचंद पडलकर ने दो दिन पहले दिल्ली में कहा था कि उन्होंने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री फड़णवीस को पत्र दिया है, जिनसे हमें न्याय मिल सकता है.

बीजेपी ने बड़े दिल से अजित पवार को सत्ता तक पहुंचाया. लेकिन, क्या अजित पवार का अपमान करना सही है? बीजेपी को इसका जवाब देना चाहिए. किसी दोस्त के बारे में बात करने का यह कैसा तरीका है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सुप्रिया सुले ने भी अफसोस जताया है कि यह अजित पवार का अपमान है.

## पत्थर से कुचलकर बुजुर्ग डॉक्टर की हत्या करने के आरोप में ऑटोरिक्शा चालक गिरफ्तार



**ठाणे :** मुंब्रा के एक 62 वर्षीय डॉक्टर का सिर पत्थर से कुचलकर उनकी हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक ऑटोरिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार बताया कि हत्या सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को हुई। डॉक्टर की पहचान सिराज अहमद मंजूर खान के रूप में हुई है। शिल डायघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि खान का शव मंगलवार सुबह फड़केपाड़ा में मिला, उनका सिर और चेहरा कुचला हुआ था। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया और जांच शुरू कर दी गई है।

# पंजाबी गायक शुभनीत का बड़ा इवेंट कैंसिल...




**मुंबई :** कनाडाई सिंगर शुभनीत सिंह इन दिनों चर्चा में बने हुए हैं. अपने गानों की वजह से सुर्खियां बटोरने वाले 26 साल के शुभनीत विवादों में घिर गए हैं. शुभनीत पर कनाडा-भारत के बीच बढ़ती टेंशन के बीच खालितानियों का समर्थन करने का आरोप लगा है, जिसके बाद उनका मुंबई में होने वाला एक बड़ा कॉन्सर्ट कैंसिल कर दिया गया है. सोशल मीडिया पर भी सिंगर की जमकर आलोचना हो रही है.

26 साल के शुभनीत पर आरोप लगा है कि वो अलगाववादी खालिस्तानी तत्वों का समर्थन करते हैं. भारतीय जनता युवा मोर्चा के कई सदस्यों का कहना है कि शुभनीत अलगाववादी खालिस्तानियों का समर्थन करते हैं. बताया जा रहा है कि उन्होंने भारत का विवादित नक्शा सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिसके बाद से ही वो विवादों में घिर गए हैं. सिंगर पर लगे इस आरोप के बाद फैंस से लेकर सेलेब्स तक उनसे नाराज हो गए हैं. कई बड़ी कंपनियां भी सिंगर पर अपनी भड़ास निकाल रही हैं. शुभनीत का इस महीने की आखिर में एक बड़ा शो होने वाला था, जिसके टिकट्स भी बिक चुके थे. लेकिन सिंगर पर लगे आरोप के बाद शो के स्पॉन्सर 'बोट इंडिया' ने अपना हाथ पीछे खींच लिया है. 'बोट इंडिया' ने अपने बयान में कहा कि वो अब पंजाबी सिंगर शुभनीत के इंडिया में होने वाले कॉन्सर्ट को अब स्पॉन्सर नहीं करेंगे.

# व्यक्ति ने साइबर जालसाजों से 4.5 लाख रुपये गंवा दिए



**महाराष्ट्र:** एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक 24 वर्षीय व्यक्ति ने एक बैंक की शिकायत निवारण हेल्पलाइन के लिए Google पर खोज करने के बाद 4.5 लाख रुपये खो दिए, लेकिन अंततः एक फर्जी वेबसाइट पर पहुंच गया। शिकायतकर्ता, मुंबई के बाहरी इलाके नालासोपारा का निवासी, एक प्रबंधन पाठ्यक्रम के लिए यूके विश्वविद्यालय में प्रवेश के संबंध में एक राष्ट्रीयकृत बैंक में अपने खाते का विवरण चाहता था। ,उन्होंने अगस्त में बैंक का दौरा किया लेकिन किसी ने भी उन्हें तुरंत जवाब नहीं दिया। अनुभव से परेशान होकर, शिकायतकर्ता ने बैंक के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए ऑनलाइन तलाश शुरू कर दी।

अधिकारी ने कहा कि उस व्यक्ति ने यह सोचकर Google खोज परिणामों में से एक पर क्लिक किया कि यह सही पोर्टल है, लेकिन अंततः एक नकली वेबसाइट के साथ इंटरैक्ट कर गया।

जब शिकायतकर्ता ने वेबसाइट पर दिखाए गए नंबर पर कॉल किया, तो दूसरी तरफ से मौजूद व्यक्ति ने उसकी शिकायत का समाधान करने के बहाने उसके डेबिट कार्ड की सारी जानकारी ले ली। अधिकारी ने कहा कि जालसाजों ने उसके बैंक खाते से दो लेनदेन में 4.5 लाख रुपये निकाल लिए। उनकी शिकायत के आधार पर, पुलिस ने मंगलवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया, लेकिन यह नहीं बताया कि वह व्यक्ति देर से उनके पास क्यों आया।

# गणेश चतुर्थी के पहले दिन मुंबई के लालबागचा राजा को मिला भारी दान



**मुंबई :** गणेश चतुर्थी की शुरूआत के बाद से परेल के लालबागचा राजा में प्राप्त दान के पहले दृश्य जारी किए गए हैं। मुंबई के प्रतिष्ठित लालबागचा राजा ने मंगलवार को गणेश जी का आशीर्वाद लेने के लिए हजारों भक्तों के लिए अपने द्वार खोल दिए। लालबागचा राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल के सदस्यों के मंगलवार से प्राप्त दान की गिनती के वीडियो जारी किए गए। वीडियो में भक्तों द्वारा किए गए पर्याप्त दान को दिखाया गया है। इन योगदानों में पर्याप्त मात्रा में नकदी, साथ ही सोने के आभूषण और सिक्के, चांदी के आभूषण और जटिल रूप से तैयार की गई गणेश मूर्तियां जैसी अन्य मूल्यवान वस्तुएं शामिल थीं। गणेश चतुर्थी इस समय चल रही है, जिससे पूरे देश में भगवान गणेश के सम्मान में अपार खुशी और उत्साह फैल रहा है। मंगलवार, 19 सितंबर को शुरू होने वाले इस 10 दिवसीय उत्सव ने उत्साह और भक्ति की लहरें जगाई हैं, जिसने पूरे भारत में लोगों के दिलों को छू लिया है। लालबागचा राजा का पहला लुक 15 सितंबर को जारी किया गया था और मंडल ने घोषणा की थी कि इस साल की थीम छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के आसपास है। सिंहासन पर गणेश की मूर्ति छत्रपति शिवाजी महाराज के सिंहासन की तरह ही सजी हुई दिखाई देती है।

# वैश्विक आर्थिक चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट...

**मुंबईः** भारतीय शेयर बाजारों में आज भारी गिरावट देखी गई क्योंकि निवेशकों को कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों सहित कई कारकों से जूझना पड़ा। अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से भी गिरावट बढ़ी, जिससे बाजार पर दबाव बढ़ गया। जैसे ही समापन की घंटी बजी, प्रमुख सूचकांकों में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे पिछले सत्र की तुलना में गिरावट बढ़ गई। सेंसेक्स 752.73 अंकों की गिरावट के साथ 66,844.11 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 222.85 अंकों की गिरावट दर्ज की गई और यह 19,901.40 पर बंद हुआ। निफ्टी पर केवल 10 कंपनियां बढ़त हासिल करने में सफल रहीं, जबकि 40 में गिरावट देखी गई। आज शेयर बाजार में सबसे ज्यादा बढ़त वाले शेयरों में पावर ग्रिड, कोल इंडिया, ओएनजीसी, एशियन पेंट्स और एनटीपीसी शामिल रहे। इसके विपरीत, उल्लेखनीय नुकसान में एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, रिलायंस, बीपीसीएल और अल्ट्रा सीमेंट शामिल हैं। प्रॉफिट



आइडिया के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, वरुण अग्रवाल ने कहा, ''मुनाफा बुकिंग के कारण निफ्टी आज 20' से नीचे चला गया। प्रमुख सूचकांक स्टॉक एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज। यह सुधार अपेक्षित स्तर पर है। जैसा कि हमें उम्मीद थी कि बाजार 20,160 तक पहुंच जाएगा और थोड़ा पीछे हट जाएगा। निफ्टी में 19,500 के स्तर पर बड़ी पुट राइटिंग हो सकती है। जब तक 19,517 बरकरार है, निवेशकों को चिंता नहीं करनी चाहिए। ''कुल मिलाकर पूर्वाग्रह सकारात्मक है, कई मध्य और छोटे शेयरों में बाजार की ताकत अभी भी काफी अच्छी है। इस गिरावट पर आईटी और मेटल शेयर आकर्षक दिख रहे हैं। अग्रवाल ने कहा, एचडीएफसी बैंक में गहरे सुधार ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि इसकी अधिक बिक्री हो रही है और प्रमुख समर्थन क्षेत्र 1534 के आसपास है। अग्रवाल ने कहा, ''दूसरी ओर रिलायंस भी थोड़े ओवरसोल्ड क्षेत्र में जा रही है। ध्रुवीयता के सिद्धांत के अनुसार 2337 एक अच्छा समर्थन क्षेत्र है''। ''दोनों सूचकांक प्रमुख स्टॉक थोड़े ओवरसोल्ड जोन में चल रहे हैं, इसका मतलब है कि निफ्टी में एक छोटा रिट्रेसमेंट देखने को मिल सकता है जो बाजार के लिए स्वस्थ है। 19,698-19,517 के स्तर पर अच्छे समर्थन स्तर के साथ निफ्टी का रुझान तेजी पर है। गिरावट पर गुणवत्ता वाले स्टॉक जमा करने पर ध्यान दें'', अग्रवाल ने कहा। भारतीय बाजारों में गिरावट व्यापक वैश्विक रुझान के साथ मेल खाती है, क्योंकि रात भर कमजोर रहने वाले अमेरिकी बाजारों ने दिन के लिए निराशाजनक माहौल बना दिया है।

वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी निवेशकों की बेचैनी में योगदान दिया है, खासकर जब यह अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के लिए चुनौतियां पैदा करता है। निवेशकों से पूरे सप्ताह सावधानी से आगे बढ़ने की उम्मीद की जाती है क्योंकि वे अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं, जो आज देर रात समाप्त होने वाली है। फेड का निर्णय वैश्विक बाजारों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ रखता है, विशेष रूप से बढ़ती मुद्रास्फीति से निपटने और 2 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचने के इसके प्रयासों के संबंध में। अपनी जुलाई की बैठक में, अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने अपनी बेंचमार्क ब्याज दर में 25 आधार अंकों की वृद्धि की, जो 22 वर्षों में उच्चतम स्तर 5.25-5.5 प्रतिशत थी। यह कदम बढ़ती मुद्रास्फीति को संबोधित करने और इसे अपने लक्ष्य दर के अनुरूप वापस लाने की फेड की रणनीति का हिस्सा था।

## हार्ट अटैक आने के बावजूद स्टेरिंग थामा रहा बस ड्राइवर, बचाई 40 छात्रों की जान




**मुंबई :** स्कूल बस चालक को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। लेकिन, चालक ने बस में यात्रा कर रहे 40 बच्चों का बचा लिया। बस बुधवार को आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में छात्रों को ले जा रही थी। 53 वर्षीय गुरार्ला एडुकोंडालू बस को मायलावरम, उप्पलापाडु और वेम्पारा गांवों से होते हुए अडांकी शहर में एक निजी स्कूल ले जा रहा था। तभी रास्ते में यह घटना हो गई। पुलिस के मुताबिक, उप्पलपाडु से आगे बढ़ने के बाद बस ड्राइवर को दिल का दौरा पड़ा। लेकिन, बेहोश होने से पहले, कुछ ही सेकंड में चालक ने बस को रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# मुंबई मनपा को मिली पहली महिला मनपा आयुक्त



**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी)** मनपा के इतिहास में आयुक्त पद पर किसी महिला अधिकारी के बैठने का कोई उदाहरण नहीं है लेकिन वर्तमान कमिश्नर आये । इकबाल सिंह चहल फिलहाल छुट्टी पर गये है । वहीं कम से कम इस अवधि के लिए अश्विनी भिड़े प्रभारी आयुक्त बनी हैं । इसलिए मुंबई महानगर निगम को महिला आयुक्त मिल गई है । बताते है की वर्तमान में, अश्विनी भिड़े मनपा में अतिरिक्त आयुक्त हैं । इतना ही नहीं अश्विनी भिड़े के पास तटीय सड़क, सड़क, पुल आदि जैसे महत्वपूर्ण विभाग हैं। इसके साथ ही उनके पास मेट्रो 3 प्रोजेक्ट भी है । उल्लेखनीय तौर पर जो केंद्र और राज्य सरकार मिलकर चला रही है । कहा जाता है की सहासिक वा बोल्ड निर्णय लेने के लिए जानी जाती है ।इसके साथ ही वह एक बहादुर अधिकारी के रूप में जानी जाती हैं। वहीं जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे । तो उनसे मेट्रो पद छीन लिया गया था । लेकिन जैसे ही शिंदे-फडणवीस सरकार आई ।उन्हें फिर से मेट्रो का प्रभार दिया गया और अब वह मुंबई मनपा की आयुक्त प्रभार भी सौंपा गया हैं। कहा जाता है की मनपा में कमिश्नर का पद महिला अधिकारी को मिलने की बात पहले भी कई बार हो चुकी है ! लेकिन, राज्य सरकार ने कभी ऐसा निर्णय नहीं लिया । पहले मनपा में अतिरिक्त आयुक्त के रूप में कार्यरत थीं ! कहा जाता है कि पिछले साल जून के अंत में नई सरकार के गठन के बाद अश्विनी भिड़े को आयुक्त बनाया जाने की प्रबल संभावनाओं को दरकिनार करते हुए , चहल को कमिश्नर पद पर बरकरार रखा गया। इसलिए मनीषा महेसकर का नाम चर्चा में था । हाल ही में डॉ. अश्विनी जोशी को भी मनपा में अतिरिक्त आयुक्त नियुक्त किया गया है। यह भी संयोग है कि इन महत्वपूर्ण पदों पर कमिश्नर रैंक से नीचे दो महिला अधिकारी हैं.

# नागपुर में 850 डेंगू मरीज

**नागपुर :** जिले में स्क्रब टायफस, स्वाइन फ्लू का प्रकोप बना हुआ है. एक ओर जहां त्योहारों के सीजन में उत्साह का माहौल है वहीं दूसरी ओर डेंगू ने भी हलाकान कर रखा है. पिछले 2 महीने में जिले के अस्पतालों में कई मरीज भर्ती हुये. कुल 7,000 नमूनों की जांच की गई जिसमें 850 डेंगू ग्रस्त पाये गये. मच्छरों के लिए पोषक वातावरण होने से ही डेंगू के मरीज बढ़ते जा रहे हैं. प्रशासन द्वारा भले ही उपाय योजना की जा रही हो लेकिन मरीजों की संख्या में कमी नहीं आ रही है. 1 अगस्त को सिटी में 111 डेंगू ग्रस्त थे लेकिन पिछले 60 दिनों के भीतर मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि हुई. त्योहारों के सीजन में बीमारी आर्थिक और शारीरिक रूप से हलाकान कर रही है. पिछले सप्ताह अच्छी बारिश हुई. बारिश के बाद वातावरण में भी ठंडक पसर गई थी लेकिन बारिश गायब होते ही उमस बढ़ने के साथ ही मच्छरों का भी प्रकोप एक बार फिर बढ़ गया है. डॉक्टरों की मानें तो डेंगू



के मरीजों को आराम की जरूरत होती है. इस दौरान भरपूर पानी पीना भी आवश्यक होता है. एक बार डेंगू होने के बाद दोबारा होने की संभावना बनी रहती है. बारिश के सीजन में कूलर की जरूरत नहीं पड़ती लेकिन गर्मी और उमस की वजह से अब भी कई घरों में कूलर लगे हैं. इसमें पानी जमा होता है. साथ ही उपयोग में नहीं आने वाले कुएं, निर्माण कार्य वाली जगह पर मच्छरों के पनपने की संभावना अधिक रहती है. इन जगहों पर मच्छरों का प्रजनन अधिक होता है. नियंत्रण और रोकथाम के लिए सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस मनाना आवश्यक है. **-डॉ. प्रवीण शिंगाडे, सहयोगी प्राध्यापक, मेडिकल**




# 'माई इको-फ्रेंडली बप्पा' कार्यशाला को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली



**मुंबई :** कोशिश फाउंडेशन द्वारा रविवार को पनवेल के वार्ड नंबर 19 में आयोजित 'माई इको-फ्रेंडली बप्पा' कार्यशाला को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 70 बच्चों ने भाग लिया। शहर की मिडिलक्लास हाउसिंग सोसायटी स्थित श्री गणेश मंदिर सभागार में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया और पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाएँ बनाईं। 'आइए अपने बप्पा बनाएं, अपने पर्यावरण की रक्षा करें', इसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन द्वारा पनवेल नगर निगम के पूर्व सदन नेता और चेरिश फाउंडेशन के अध्यक्ष परेश ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई। सोसायटी के परिसर में श्री गणपति मंदिर में। इस कार्यक्रम में कलाकार नूतन पाटिल और उनकी टीम, जिसमें अभिषेक सुनक, निखिल सुनक और रितु शामिल थे, ने छोटे बच्चों को गणेश मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया। पिछले दो वर्षों से चेरिश फाउंडेशन अपने प्रयासों से इस कार्यशाला का आयोजन करता आ रहा है। इसका उद्देश्य छोटे बच्चों को पर्यावरण-अनुकूल गणपति मूर्तियों के महत्व के बारे में जागरूक करना और पर्यावरण के प्रति सराहना पैदा करना है।

# मुंबई: टीवी सीरियल सेट पर करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

## सिने कर्मियों के राष्ट्रपति ने मांगा 50 लाख मुआवजा...



**मुंबई :** पुलिस ने बताया कि मुंबई के गोरेगांव इलाके में स्थित एक डेली सोप सीरियल के शूटिंग सेट पर करंट लगने से क्रू के एक सदस्य की मौत हो गई। पुलिस ने पुष्टि की कि मृतक की पहचान महेंद्र यादव के रूप में की गई है। इस मामले पर बात करते हुए ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश श्यामल गुप्ता ने कहा कि मृतक को मंगलवार शाम को करंट लग गया जब वह एक डेली सोप सीरियल के शूटिंग सेट पर काम कर रहा था. उन्होंने कहा, ''व्यक्ति को पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।'' गुप्ता ने महाराष्ट्र सरकार से मृतकों के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की भी मांग की। ''सीरियल के निमार्ता और प्रोडक्शन हाउस के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिए। मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए और फिल्म सिटी के प्रबंध निदेशक और श्रम आयुक्त का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से लिया जाना चाहिए।'' ,'' उसने कहा। मामले की आगे की जांच जारी है.

# पूर्व मंत्री आरिफ नसीम खान ने विश्वकर्मा जयंती सरकारी छुट्टी घोषित करवाने का आश्वासन दिया



**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** विश्वकर्मा जयंती 17सितंबरपूरे देश भर के विभिन्न हिस्सों में बढ़ चढ़कर सामाज लोगों ने मनाया ।वहीं मुंबई के चांदीवली साकीनाका हिमालय सोसाइटी, संघर्ष नगर में भी बड़े पैमाने पर विश्वकर्मा जयंती की धूम दिखाई दिया । इस अवसर पर चांदीवली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री विधायक रहे चुके आरिफ नसीम खान ने मंच से विश्वकर्मा सामाज को 17 सितंबर की हार्दिक बधाई देते हुए कहा की मैंने आपने कार्यकाल में संघर्ष नगर में विश्वकर्मा स्मार्क बनाया था ।वहीं अबकी बार विश्वकर्मा जयंती को सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग कर लागू करवाने का आश्वासन देता हूं ।

# पीएमसी ने भारतीय स्वच्छता लीग २.0 की रैली आयोजित की



**मुंबई :** केंद्र सरकार के निर्देश के बाद पनवेल नगर निगम स्वच्छ भारत अभियान चला रहा है। यह ''इंडियन स्वच्छता लीग 2.0'' प्रतियोगिता में भी भाग ले रहा है और पिछले सप्ताह आयोजित एक रैली में 10,000 से अधिक छात्रों और नागरिकों ने भाग लिया था। रैली नगर निगम मुख्यालय से पनवेल में वडाले झील तक आयोजित की गई। इस अवसर पर विधायक श्री प्रशांत ठाकुर, मनपा आयुक्त श्री गणेश देशमुख, प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी स्वास्तिका घोष के पिता संदीप घोष, उपायुक्त सचिन पवार, उपायुक्त डॉ. वैभव विधाते सहित अन्य उपस्थित थे. इस अवसर पर विधायक ठाकुर ने कहा कि नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में उनकी सभी टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रही हैं. मनपा आयुक्त श्री देशमुख ने कहा, ''सभी नागरिकों के योगदान से आज पनवेल का विकास हुआ है.'' इस स्वच्छता रैली का उद्देश्य शहर के प्रति कर्तव्य और जिम्मेदारी को समझना है। यह संदेश समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

# गणेश चतुर्थी: जेएफए ने विसर्जन शुल्क की वसूली रोकने के लिए सिविक प्रमुख को पत्र लिखा...



**मुंबई :** जर्नलिस्ट फ्रेंड्स एसोसिएशन (जेएफए), पनवेल ने विसर्जन स्थलों पर स्वयंसेवकों द्वारा विसर्जन शुल्क की वसूली के संबंध में पनवेल नगर आयुक्त को एक पत्र लिखा है। एसोसिएशन ने इस प्रथा को तुरंत बंद करने की मांग की है. गणेशोत्सव शुरू हो चुका है और घरों से लेकर गणपति मंडल तक मूर्तियों का विसर्जन करेंगे। वे निगम द्वारा निर्दिष्ट विभिन्न तालाबों या झीलों का दौरा करते हैं। चूंकि बड़ी संख्या में गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है, इसलिए नगर निकाय विसर्जन में घरों और मंडलों की सहायता के लिए तालाबों या झीलों पर स्वयंसेवकों को तैनात करता है। स्वयंसेवकों को निगम द्वारा भुगतान किया जाता है। हालाँकि, पिछले दिनों यह देखा गया कि वे अपनी मूर्तियों के विसर्जन के लिए प्रत्येक घर से 100 रुपये से 200 रुपये तक की माँग करते हैं। जेएफए ने मांग की है कि इस प्रथा को बंद किया जाना चाहिए.

# महिला और बच्चे को किराए पर लेकर 46 लाख की ठगी, मुंबई पुलिस ने भोपा को अलवर से किया गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने 46 लाख की ठगी कर फरार हुए शातिर ठग को राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार किया है। चारकोप पुलिस ने जितेंद्र सुंदर (29) उर्फ भोपा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भोपा शिकायतकर्ता ज्वैलर कमलेश मांगीलाल जैन (46) के पास चार बार छोटी-छोटी मात्रा में सोना गिरवी रखने आया था। उसने पहले ज्वैलर का भरोसा जीता और फिर उसे लाखों रुपए का चूना लगाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, भोपा अपने परिवार के साथ (कुछ पुरुषों, एक महिला और एक बच्चे) के साथ जौहरी के पास पहुंचा था। हालांकि पुरुष रिश्तेदार और एक गिरोह का हिस्सा थे, लेकिन महिला और बच्चे को किराए पर राजस्थान से उसने साथ लाया था। अगस्त में, भोपा ने देवी-देवताओं की 54 मूर्तियां गिरवी रखी थी, जिनके बारे में उसने दावा किया कि वे सोने से बनी हैं।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com